तापमान

अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 27 जून 2024

10 नशा शरीर के साथ परिवार-समाज के लिए भी घातक : डा. गोपाल



10 श्रद्धालुओं की बस को झंडी दिखा किया रवाना



## खबर संक्षेप

### बिना लाइसेंस शराब लेकर आए व्यक्ति को काबू किया

**जींद।** नगूरां में पुराने ठेके पर बिना लाइसेंस के शराब लेकर आए व्यक्ति को पुलिस ने काबू किया है। आरोपित से 2407 शराब की बोतल बरामद की है। आरोपित की पहचान शीतलपुरी कालोनी जींद निवासी रामनिवास के रूप में हुई है। अलेवा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि शीतलपुरी कालोनी निवासी रामनिवास गाड़ी में शराब भरकर नगूरां लेकर आया है।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 28 को

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि 28 जून को लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री कमल गुप्ता करेंगे और परिवादों की सुनवाई करेंगे। बताया कि 12:30 बजे बैठक में सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### आर्य समाज वैदिक सत्संग 30 को

**सफीदों।** आर्य समाज सफीदों के प्रधान यादविंद्र बराड़ ने बताया कि समाज का मासिक वैदिक सत्संग आगामी 30 जून रविवार को सुबह 8 से 11 बजे तक नगर के नहर पूल स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भजनोपदेशिका बहन संगीता आर्या (उत्तरप्रदेश) तथा प्रवचनकर्ता स्वामी धर्मदेव महाराज शिरकत करके आर्य समाज की अलख जगाएंगे।

### नौकरी का झांसा दे दो लाख रुपये हडपे

**जींद।** रेलवे का फर्जी आईकार्ड तथा 'वायनिंग लैटर देकर दो लाख रुपये हडपने का मामला सामने आया है। पीड़िता से एक सप्ताह तक रेलवे माल गोदाम पर कंपूटर पर कार्य भी करवाया गया। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जाच शुरू कर दी है।

### किसान पर हमला कर घायल किया

**जींद।** हांसी रोड पर किसान को दिए रोटावेटर के रेट दूसरे को बताने पर दुकानदार ने हमला कर दिया। हिसार जिले के गांव कागसर निवासी कुलदीप ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 जून को वह हांसी के टेंडरी मोड नाके पर बने ढांडा कृषि उपकरणों की दुकान पर कल्टीवेटर लेने के लिए आया था।

### उपभोक्ता के खाते से निकाले हजारों रुपये

**कैथल।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अज्ञात आरोपियों ने बैंक व क्रेडिट कार्ड उपभोक्ताओं के खाते से हजारों रुपये निकाल लिए। मामले में सीवन के बलराज ने पुलिस को शिकायत दी कि उसके पर एक निजी बैंक का क्रेडिट कार्ड है। 22 जून को उसके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाली लडकी ने कहा कि वह बैंक से बोल रही है और उसे क्रेडिट कार्ड के रिवार्ड प्वाईंट को रुपये में बदलने के लिए लिंक भेजा।

### मोबाइल टावर से 24 बैटरियां सैल चोरी

**सफीदों।** उपमंडल के गांव बुढ़ाखेड़ा स्थित एक मोबाइल टावर से अज्ञात चोर बैटरी सैल चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाणी रामगढ़ निवासी रोहित ने कहा कि वह सिक्योरिटी में सुपरवाईजर के पद पर काम करता है।

### 6.70 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा एक नशा तस्कर को 6.70 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम सायंकालीन गश्त दौरान देवीलाल पार्क कैथल के पास मौजूद थी।






**जींद।** शहर की पॉश कालोनियों में जमा बरसाती पानी व शहर के नरवाना रोड पर जमा बरसाती पानी व बरसात में जुलाना के मैन बाजार से गुजरते वाहन व पार्कों में जमा हुआ पानी। *फोटो :हरिभूमि*

### जलमग्न नजर आया शहर, करना पड़ा परेशानी का सामना, निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज की मिट्टी खिसकी, दो भैस धंसी

# पहली बरसात ने पानी निकासी के दावों को धोया

## औसत जिले में 27 एमएम तो जींद व उचाना में 45 एमएम बरसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में बुधवार को हुई झमाझम बारिश ने गर्मी से तो राहत दी। शहर में हुए जलभराव से पानी निकासी के दावों की पोल भी खोल कर रख दी है। कहीं मिट्टी खिसकने से भैंसे धंस गई तो कहीं घरों में पानी घुस गया। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में उमस ने भी लोगों को बेहाल कर दिया। जिले में औसतन 27 एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि जींद व उचाना में सबसे 'यादा 45 एमएम बारिश दर्ज की गई। बुधवार का जींद में 45 एमएम, नरवाना में 17 एमएम, सफीदों में 15 एमएम, जुलाना में 32 एमएम, उचाना में 45 एमएम, अलेवा में चार एमएम, पिल्लूखेड़ा में बूंदाबांदी हुई। बुधवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 59 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आकाश मे बादल छाए रहेगे ओर बारिश की भी संभावना है। प्री-मानसून की पहली बारिश ने बुधवार को सुबह गर्मी से राहत देने का कार्य किया। जिसने पूरे शहर को के साथ अधिकरियों के पानी निकासी के दावों को भी धो डाला। शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। लोगों के घरो में पानी घुस गया। बिजली व्यवस्था चौपट हो गई। सड़कों पर दो से अढाई फूट तक पानी खड़ा हो गया। कुछ स्थानों पर हालात यहा तक रहे कि पानी देर शाम तक नही उतरा। नाले अवरूद्ध होने तथा सफाई न होने के नाले जवाब दे गए। सड़कों पर खड़े पानी से आमजन के साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर मे हुए जल भराव ने पानी निकासी के दावो की भी पोल खोल कर रख दी है। प्री-मानसून बारिश के चलते सिवरेज सिस्टम के ठप्प होने पर वार्ड 27 की एमसी निकिता शर्मा के घर में पानी घुस गया। जिन्होंने बारिश से पहले नप अधिकारियों को अपना दुखड़ा सुनाया था। वहीं भिवानी रोड पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज पानी से लबालब भर गया ओर मिट्टी भी खिसक गई। जिससे भिवानी रोड पर बने मकानों को भी खतरा पैदा हो गया है। बुधवार को बारिश के दौरान निर्माणाधीन अंडरब्रिज में दो भैंस भी धंस गई। वहां के लोगों ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्त के बाद भैंसों कर रेसक्यू किया। जिस पर लोगों ने कड़ा रोष जताया है।



**जुलाना।** बारिश के बाद पुरानी मंडी में भरा पानी। *फोटो :हरिभूमि*

### नरवाना रोड बना बरसाती नाला, पॉश कालोनी लबालब

प्री मानसून बारिश से शहर का कुछ हिस्सा नही बल्कि पूरे शहर की व्यवस्था चौपट हो गई। शहर का नरवाना रोड पर दो से तीन फूट पानी जमा हो गया। अपोला रोड, रोहतक रोड, पटियाला चौक बरसाती नाले की तरह नजर आया। पटियाला चौक से जाट स्कूल, जयंती देवी मंदिर से पुरानी सब्जी मंडी तक सड़क लबालब भर गई। यही हालात स्कीम नबर पांच व छह, अर्बन एस्टेट, डिफैंस कालोनी, हाउसिंग बोर्ड के अलावा शहर की बाहरी बस्तियों में भी पानी जमा हो गया।

### प्री मानसून से फसलों को फायदा

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि प्री मानसून से फसलों को फायदा पहुंचा है। अगले 24 घंटों में मानसून भी दस्तक दे देगी। आकाश में बादल छाए रहेंगे। जब तक अच्छी बारिश नही होती तब तक उमस परेशान करेगी। किसानों के लिए धान लगाने का अच्छा समय है।

### सुबह जलभराव ने दोपहर बाद उमस ने किया बेहाल

प्री मानसून बारिश ने किसानों को राहत दी है। जिसके साथ धान रोपाई का कार्य रफ्तार पकडेगा। सुबह के दौरान शहर में जलभराव ने लोगो को परेशान किया। दोपहर बाद मौसम में बनी उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। हालांकि आकाश में बादल छाए रहे। बावजूद उसके मौसम में जबरदस्त उमस बनी रही। बादलों के छाए रहने से बारिश के भी आसार बने रहे। बारिश से किसानों की जरूर बांछे खिली हुई हैं लेकिन शहरी इलाकों में जलभराव के हालात परेशानी बने हुए हैं। नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि डा. राज सैनी ने कहा कि अधिकारियों को फिल्ड में उतारा गया है। काफी जगह से पानी की निकासी हो चुकी है। पानी निकासी के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

### जुलाना में बरसात ने खोली प्रशासन की पोल

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र में मानसून की पहली बरसात ने ही प्रशासन की पोल खोलने का काम किया। जुलाना क्षेत्र में 39 एमएम बरसात दर्ज की गई। बरसात से नाले ओवरफ्लो हो गए और सड़क पर लगभग 2 से तीन फीट तक पानी भर गया। जुलाना में अल सुबह ही मौसम ने करवट ली और अचानक तेज बरसात हुई। बरसात से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। जुलाना के मैन बाजार में नाले ओवरफ्लो हो गए जिससे सड़क पर भारी मात्रा में पानी खड़ा हो गया और वाहन सड़क पर रेंगते नजर आए। सड़क पर काफी वाहन चालक अपने वाहन को धकेलते नजर आए वहीं दुकानदारों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा क्योंकि सड़क पर पानी खड़ा होने से उनकी दुकानदारी प्रभावित हुई हालांकि किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली क्योंकि किसानों की धान की फसल लगाने का समय हो गया है और किसानों का बरसात से काफी मात्रा में तेल बचेगा।

### उचानाः बारिश ने दिलाई उमस से राहत मिली

**उचाना।** मानसून आने से पहले प्री-मानसून में बदरा जमकर उचाना में बरसे। सुबह आसमान पर छाए काले बादलों के बाद एकाएक तेज बारिश हुई। बारिश का हर किसी को फायदा ही फायदा होगा। लोगों को बढ़ रही उमस से राहत मिलेगी तो धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों का इंतजार भी अब खत्म होगा। बारिश के बिना हो रहे फसलों के नुकसान का डर भी अब किसानों को नहीं होगा। बारिश कितनी तेज थी इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कुछ ही देर में रेलवे रोड, पुरानी मंडी, डाकघर रोड, राजेंद्रा कालोनी सहित अन्य कालोनियों में जलभराव हो गया। वाहन चालकों, राहगीरों को पानी से होकर सफर करना पड़ा। लोगों ने कहा कि बेशक पानी भरने से कुछ परेशानी हो रही हो लेकिन बारिश ने मौज कर दी है। बारिश होने से उमस से राहत मिली है तो फसलों को फायदा होगा।



**कलायत।** स्ट्रीट लाइट हादसे को लेकर मौके पर पहुंचे नपा कर्मी और आसपास मौजूद लोग। *फोटो :हरिभूमि*

## बरसात में नहा रही बच्ची को पोल की चपेट में आने से लगा करंट, अस्पताल में दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

सजूमा रोड पर बुधवार को रिमझीम बरसात में झूम रही छह वर्षीय मासूम बच्ची मुस्कान नगर पालिका स्ट्रीट लाइट पोल के करंट की चपेट में आने से बहोश हो गई। तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। कलायत के चिकित्सकों ने मासूम की नाजुक स्थिति को देखते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका सचिव पवन शर्मा के निर्देश पर नपा बिजली विंग प्रभारी सचिन मौके पर पहुंचे। लाइन को बंद करवाया गया।

लडकी के बिजली निगम में कार्यरत चाचा रणबीर साहसी ने बताया कि हादसा उस जब आवासीय कालोनी के बच्चे बरसात में खेल रहे थे। इस दौरान अव्यवस्थित नगर पालिका बिजली पोल के करंट से मासूम घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। बच्ची की विधवा माता सोनिया ने बताया कि पति बलदेव सिंह की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। एक लडका और लडकी की परवरिश का जिम्मा उन्हीं के कंधों पर है। घटना के सात घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी घायल बच्ची को होश नहीं आई है। परिवार के शहर के लोग सहमे हैं।सजूमा रोड पर बिजली करंट की चपेट में आई मासूम बच्ची से जुड़ी घटना को लेकर लोगों ने रोष प्रदर्शन किया। युवाओं ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा स्ट्रीट लाइटों की समुचित देखरेख के लिए बजट स्वीकार किया गया है।

### मामले की जांच जारीः सचिव

कलायत नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। जिन कारणों से हादसा हुआ उनकी जांच जारी है। उन्होंने आम नागरिकों से भी स्ट्रीट लाइट पोलों से निजी बिजली तारों को दूर रखने की अपील की। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट टेंडर कार्यवाही को लेकर भी नपा गंभीर है।

## नायब तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

■ रोटरी टाइप में शहर के सौंदर्यीकरण के लिए कबीर चौक को बीच में बनाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एससी समाज के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार को नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ को ज्ञापन सौंपा। मंच के सदस्य धर्मपाल सिंहमार, रोशन लाल दुग्गलए रमेश दुग्गलए प्रकाश नागर व राजकुमार गिल ने कहा कि रोहतक रोड पर संत कबीर चौक जो एक तरफ साइड में बनाया गया है, इसका वह विरोध करते हैं। उनकी मांग है कि रोटरी टाइप में शहर के सौंदर्यीकरण के लिए कबीर चौक को बीच में बनाया जाए और इसका निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए। यदि प्रशासन ने ऐसा नहीं किया तो वह लोग 11 जुलाई को शहर में प्रदर्शन करेंगे। इसके विरोध में रानी तालाब पर उनका अनिश्चितकालीन धरना भी जारी है। ज्ञापन में कहा गया कि भिवानी रोड पर बुढ़ाबाबा बस्ती चौक पर गुरु रविदास चौक के निर्माण राशि मंजूर करके अति शीघ्र काम शुरू करवाया जाए। गोहाना रोड पर लघु सचिवालय के सामने महर्षि वाल्मीकि चौक बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। एससी समाज के लोगों ने कहा कि भाजपा सरकार उनके साथ भेदभाव कर रही है। वैसे तो भाजपा महापुरुषों की जयंती मनाने तथा उनका ध्यान रखने का ढोंग रचती हैए लेकिन समाज की मांग को खारिज किया जा रहा है। इसका खामियाजा भाजपा को लोकसभा चुनाव के बाद अब विधानसभा चुनाव में भी भुगतना पड़ेगा।



### आग लगने से लाखों की सिलाई मशीन जली

**कैथल।** भगत सिंह चौक पर सिलाई मशीनों की दुकान में शार्ट-सर्किट से आग लग गई। आग से लाखों रुपये की सिलाई मशीन सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग पर कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग की तीन से चार गाड़ियों ने काबू पाया। इन दुकानों में लगी आग के कारण आस-पास दो दुकानों में नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी अनुसार बुधवार अल सुबह करीब पौने तीन बजे दुकान से धुआं निकला। इसके बाद धुआं देख चौकीदार ने फोन पर दुकान मालिक को सूचना दी। दुकान मालिक ने दुकान पर पहुंचकर दमकल विभाग की टीम को फोन के माध्यम से जानकारी दी। दुकान के मालिक गुलशन ने बताया कि उसे करीब पौने तीन बजे दुकान में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद वह आनन-फानन दुकान पर पहुंचा। इस दौरान उसने देखा की दुकान से तेज धुआं उठ रहा है। यह देख शोर मचाया तो आस पड़ोस के लोग घरों से निकले। आग इतनी भीषण थी कि उसने साथ लगती मुनियारी की दुकान और एक अन्य दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ परिजनों ने गांव के ही युवक पर लगाए हत्या के आरोप

गांव रिटौली में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय राकेश के रूप में हुई है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक व उसके साथियों पर साजिशन हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। जिसके बाद मामले में पुलिस आगामी कार्रवाई करेगी।

मृतक राकेश के मौसी के लड़के पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई राकेश को गांव के ही एक युवक ने सायं को चार बजे फोन करके बुलाया था। जिसके बाद देर रात तक राकेश घर पर नहीं आया। रात को लगभग साढ़े 11 बजे उनको पड़ोस में ही रहने वाले युवक के घर पर लड़ाई झगड़े की आवाज सुनाई दी। जब वह उठ कर पड़ोस में राकेश को बुलाने वाले युवक के घर गए तो उसका भाई घायल अवस्था में था। उनको राकेश ने बताया कि जिस युवक ने उसको सायं को फोन कर बुलाया था उसने व कुछ अन्य ने उसके साथ मारपीट की और अपने घर ले गए। जिसके बाद उसकी बाजू में किसी नुकीली वस्तु से वार कर दिया। इस दौरान राकेश की बाजू से खून बह रहा था। खून 'यादा बहने के कारण वह जल्द ही बेसुध हो गया। जहां से उसको शहर के नागरिक अस्पताल में लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। राकेश अपने पिता का इकलौता बेटा था। वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। मृतक के दो बेटे व सात वर्षीय बेटी के सिर से बाप का साया उठ गया है। बुजुर्ग माता पिता का बुढ़ापे का सहारा भी छीन गया। परिजनों का आरोप है कि उसके बेटे की साजिश के तहत हत्या की गई है। अब उनको कानून से ही न्याय की उम्मीद है।

**समीक्षा** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की सलाहकार ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# कम लिंगानुपात वाले गांवों में चलाया जाए जागरूकता अभियान : डॉ. ऊषा

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एमटीपी सैंटरों की करें नियमित जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा सरकार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की सलाहकार डॉ. ऊषा गुप्ता ने कहा कि गर्भ में पल रहे शिशु का लिंग की जांच करवाना अपराध की श्रेणी में आता है, जिसमें 5 वर्ष तक की सजा तथा 50000/- रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। जिन-जिन गांवों में लिंगानुपात कम है, वहां युद्ध स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं। इसके साथ ही गावों में प्रत्येक गर्भवती महिला, जिनके पास केवल लड़कियां हैं उन पर आंगनवाड़ी वर्कर, एएनएम, आशा वर्कर द्वारा विशेष रूप से नजर रखी जाए। डॉ. ऊषा गुप्ता सिविल सर्जन कार्यालय में बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एंव बाल विकास विभाग को बचाओ-बेटी पढ़ाओ बारे में प्रसार-प्रचार करने व प्रत्येक माह इस बारे मीटिंग का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डॉ. ऊषा गुप्ता ने गर्भवती महिलाओं को ट्रैक करने के निर्देश दिए। एमटीपी सैंटरों की नियमित जांच करने के आदेश दिए। इसके साथ ही अवैध लिंग जांच करने वालों के विरूद्ध सूचना देने एवं सूचना सही पाने पर सरकार द्वारा 1 लाख रुपये की नकद राशि दी जाती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। सीएमओ रेणू चावला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम द्वारा जिन गांवों में लिंगानुपात कम है, उन्हें चिन्हित कर लिया गया है।



**कैथल।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की सलाहकार डॉ. ऊषा गुप्ता अधिकारियों की बैठक लेते।



**कैथल।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### डेयरी संचालक पर हमले के पांच आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** अज्ञात आरोपितों द्वारा बालाजी कालोनी में एक डेयरी संचालक पर हमला करके चोटे मारने के मामले में त्वरित कार्रवाई दौरान सीआईए-1 पुलिस द्वारा 5 आरोपियों को काबू कर लिया गया। डीएसपी ललित कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गांव सेगा हाल बालाजी कालोनी कैथल निवासी प्रवीण की शिकायत अनुसार वह बाला जी कालोनी मे दुध की डायरी करता है। 24 जून की सुबह करीब 5.15 बजे वह अपनी पत्नी के साथ घर से हर रोज की तरह अपनी डायरी पर आया। इतनी देर मे तीन नौजवान लड़के जो मुंह ढके हुए थे रेलवे फाटक की तरफ से जिन के हाथो मे गंडासियां थी उसकी तरफ दौड़कर आए। वह दौड़कर अपनी दुकान के अन्दर दाखिल हुआ तो इन तीनो लड़को ने दुकान मे दाखिल होकर गंडासियों से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। उसकी पत्नी सोनिया उसे बचाने के लिए आई तो उस पर भी हमला किया, फिर ईंट व सीमेंट के ब्लॉक उठाकर भी उसे मारे। छत निचे होने के कारण उसने अन्दर आकर अपना बचाव करने की कोशिश की तब उन्होंने गंडासियों के वार किये। गंडासी उसकी बाई बाजू व अंगुलियों पर दाहिने हाथ के अगुंठा व अंगुली पर लगी । सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था।

## खबर संक्षेप

### भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष 28 को जींद में

जींद। भारतीय योग संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष देशराज गुप्ता 28 जून को जींद आ रहे है। इस दिन वे सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। भारतीय योग संस्थान के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने बताया कि संस्थान द्वारा 28 को सुबह साढ़े पांच बजे से साढे आठ बजे तक जाट धर्मशाला अर्बन स्टेट में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### सीआईए ने पकड़े पशु चोरी के दो आरोपित

सफीदों। सीआईए स्टाफ सफीदों की टीम ने सुअर चोरी के मामले में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए सीआईए सफीदों इंचार्ज एएसआई कमल सिंह ने बतलाया कि 26 अक्तुबर 2023 को रोहतास सिंह निवासी गांव साहनपुर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि रात को उसके फार्म से नामपता नामालुम व्यक्ति 21 सूअर चोरी करके ले गया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री मिले कार्यकर्ताओं से

उचाना। कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह हलके के विभिन्न गांवों में पहुंचे। यहां पर कार्यकर्ताओं के यहां सुख, दुख में वो शामिल हुए। कार्यकर्ताओं से मिलने के साथ संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस के साथ जोड़ने के दिखा-निर्देश भी दिए। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव ने काफी हद तक साफ कर दिया है कि प्रदेश में होने वाले विस चुनाव के क्या परिणाम होंगे।

### कैडेट्स ने कई प्रकार की गतिविधियां सीखी

जींद। 15वीं हरियाणा बटालियन के द्वारा चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद में 10 दिवसीय एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन अनेक प्रकार की गतिविधियां करवाई गई। इसमें शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग व एनसीसी अधिकारी श्रवण कुमार ने फायर सर्विस और फायर फाइटिंग पर व्याख्यान दिया और कैडेट्स को तनाव प्रबंधन पर जानकारी दी।

### जीतगढ़ में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

जींद। गॉड काज स्माइल वैलफेयर सोसायटी द्वारा जीतगढ़ गांव में बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसकी अध्यक्षता ब्लाक समिति सदस्य गीता शर्मा ने की। गीता शर्मा ने बताया कि जीतगढ़ गांव मुख्य मार्ग से दूर है। इसलिए ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए शहर आने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। उन्होंने इस गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का निर्णय लिया।

### आगामी आंदोलनों के लिए गहनता से चर्चा

जींद। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कमेटी के आह्वान पर वाहन पर कर्मचारियों से संबंधित मांगों को लेकर जिला प्रधान संजीव ढांडा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक करके आगामी आंदोलनों के लिये गहनता से चर्चा की गई। बैठक में जींद जिले के तमाम ब्लॉकों के पदाधिकारी, विभागीय संगठनों के पदाधिकारियों सहित सक्रिय कर्मी शामिल हुए।

### युवा पीढ़ी भविष्य की निर्माता : डा. पूनम

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय के नशा जागरूकता प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने किसी भी प्रकार का नशा न करने तथा अपने आसपास के व्यक्तियों को भी इससे जागरूक करने की शपथ ली। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भविष्य की निर्माता है।

### शिक्षा व्यवस्था में वैदिक शिक्षा आवश्यकः अरविंद

सफीदों। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में वैदिक शिक्षा शामिल करना नितांत आवश्यक है। हिन्दू धर्म में आ रही बुराइयों का एक कारण आज की युवा पीढ़ी को धर्म का ज्ञान नहीं होना है। हमारा दर्शन सवांगीण दर्शन है।

---

## नागरिक अस्पताल में मनाया अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस

# नशा शरीर के साथ परिवार-समाज के लिए भी घातक : डा. गोपाल

### नशा छोड़ने के लिए नागरिक अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र में करें संपर्क : डा. रमेश पांचाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल।


जींद। कार्यक्रम में मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बुधवार को सीएमओ डा. गोपाल गोयल के दिशा-निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया। कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल व डा. पालेराम कटारिया ने आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ पूरे जिले में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्त्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग हमेशा सचेत रहता है। हर आदमी को चाहिए कि नशे के खिलाफ ओरों को भी जागरूक करें ताकि हर आदमी स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है कि जो मनुष्य के शरीर के साथ-साथ परिवार व समाज पर भी कुप्रभाव डालती है। ऐसे में विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रह कर समाज व देश सेवा कायोंर् में अपनी भागीदारी बढ़ाऐं। नशा छोड़ने के लिए नागरिक अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र में करें संपर्क : डा. रमेश पांचाल उप सिविल सर्जन (मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति केंद्र) डा. रमेश पांचाल ने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस का मकसद लोगों को नशे की लत से होने वाले खतरों के बारे में भी जागरूक करना है। जिसका मुख्य कारण तनाव, झगडा, गलत संगत आदि होते हैं। नशा करने वाले व्यक्ति को समझाएं कि कोई भी व्यक्ति दृढ़ संकल्प करके नशा छोड़ सकता है। इसके लिए नागरिक अस्पताल जींद में नशा मुक्ति केंद्र व तंबाकू समाप्ति केंद्र में संपर्क कर सकते हैं। जहां पर डॉक्टरी सलाह, पूरा इलाज व दवाइयां मुफत उपलब्ध हैं। आजकल लोग शराब, ड्रग्स, गांजा और हेरोइन जैसे कई तरह के नशे कर रहे हैं। इनसे हो सके आपको कुछ देर के लिए अच्छा फील होएलेकिन इनकी लत आपको कई तरह की परेशानियों का शिकार बना सकती है। बड़े ही नही बच्चे भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। नशे के कारण स्वयं के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव तो पडता ही है साथ ही परिवार को आर्थिक क्षति का भी सामना करना पडता है तथा ऐसा परिवार मुख्य धारा से पिछड़ जाता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को नशा न करने बारे शपथ दिलाई। समय-समय पर जिले के सभी स्कूलों व संस्थानों में नशे के खिलाफ आमजन को जागरूक करने बारे अभियान चलाते रहते हैं। उप सिविल सर्जन (एचआईवी एंड एड्स) डा. पालेराम कटारिया ने कहा कि जो भी मरीज ओएसटी सेंटर में दवाई लेने आते हैं वो अपना पूरा इलाज लें व अन्य को भी नशा छोड़ने के बारे में जागरूक करें। डा. संकल्प डोडा ने बताया कि नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र व तंबाकू छोडने संबंधित सभी प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. अरविंद कुमार, डा. नितेश सैनी, स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा, रवि, प्रदीप, अश्विनी, रीना, सरोज, अभिषेक शर्मा, सतेंद्र, सुरेंद्र एलटी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

---



### 27 शिकायतों में से अधिकतर का मौके पर समाधान

जींद। एसडीएम मनीष फोगाट की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर लगाया गया। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार चल रहे इस कार्यक्रम के दौरान बुधवार को 27 शिकायतें आईं। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। नागरिकों ने सरकार के इस कार्यक्त्रम की सराहना की। एसडीएम मनीष फोगाट ने कहा कि समाधान शिविरों को लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक ही छत के नीचे जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करना है। सभी विभागों के अधिकारी हर रोज जिला व उपमंडल स्तर सुबह नौ से 11 बजे तक शिकायतें सुनते हैं अधिकारी। एसडीएम ने आमजन से आह्वान किया कि उपमंडल का कोई भी नागरिक अपने अधिकारों से वंचित न रहें। लिहाजा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए रा'य सरकार के दिशा निर्देशानुसार सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हर आवेदन, शिकायत को पूरी गंभीरता के साथ दूर करें।

## समाधान शिविर के 16वें दिन अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे 52 फरियादी

- परिवार पहचान पत्र से संबंधित 16 शिकायतें शिविर में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

तहसीलदार निखिल सिंगला की अध्यक्षता में बुधवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। तहसीलदार निखिल सिंगला ने बताया यह शिविर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रात 9रू00 बजे से 11रू00 बजे तक निरंतर आयोजित किए जाएंगे। जिसका उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे। तहसीलदार निखिल सिंगला ने बताया कि बुधवार को 16वे दिन आयोजित इस समाधान शिविर में नरवाना उपमंडल में कुल 52 शिकायते प्राप्त हुई है। जिनमें से प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियों के समाधान के लिए चारए बुढ़ापा पेंशन से संबंधित पांच आवेदन प्राप्त हुए हैं इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र से संबंधित 16 शिकायतें व विभिन्न प्रकार कि समस्याओं से सम्बंधित अन्य 27 शिकायते प्राप्त हुई। इस शिविर में एसडीओ बिजली विभाग रामपाल दहिया, एसडीओ सिचाई विभाग सुखदर्शन सिंह, एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग नवीन मौजूद रहे।

---

## महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से जनता पूरी तरह परेशान : बलजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। गांव रायचंदवाला में लोगों के बीच पहुंचे कांग्रेस नेता बलजीत रेढ़ू।

देश व प्रदेश में महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से जनता पूरी तरह से परेशान है। आज युवा रोजगार के लिए दर.दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। यह बात प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढ़ू ने बुधवार को गांव रायचंदवाला में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहे। बलजीत रेढ़ू ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की पांच सीटों पर शानदार जीत दी की। इसके अलावा चार सीटों पर कांग्रेस द्वारा भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। इससे साफ है कि हरियाणा में अगली सरकार भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की बनेगी। सत्ता में आने के बाद भूपेंद्र हुड्डा जनता से किए तमाम वायदे पूरे करेंगे।

रेढ़ू ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता ने महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और तानाशाही के लिए भाजपा को करारा सबक सिखाया है। सत्ता में आने के बाद कांग्रेस 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देगी। 500 रुपये में रसोई गैस का सिलिंडर देगी। बुढ़ापा पेंशन 6000 रुपये महीना करेगी। अनुसूचित जाति के गरीब लोगों को 100 गज के प्लाटों पर मुफ्त मकान बना कर देगी।

### मीनाक्षी ने अव्वल स्थान प्राप्त कर लहरया परचम

नरवाना। सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना की चार छात्राओं ने चौधरी रणबीर सिंह युनिवर्सिटी द्वारा अभी हाल ही में घोषित किए परीक्षा परिणाम में मैरिट लिस्ट में अपना स्थान बना लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ अंजना लौहान ने और परीक्षा नियंत्रक डॉ0 अनीता छाबड़ा ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विवि ने सभी संकायों के छठे समेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें हमारे कॉलेज की छात्रा रूबल ने विवि में टॉप किया। मैरिट लिस्ट में पहली, दूसरी व तीसरी पोजीशन हमारे ही कॉलेज की है। बीए फाईनल में रुबल सुपुत्री भूरा ने 85.33 प्रतिशत अंक लेकर यूनिवर्सिटी में पहला स्थान पाकर टॉपर बनी। ईशा सुपुत्री धर्मबीर ने 84.29 प्रतिशत अंक लेकर मैरिट सूचि में दूसरा स्थान पाकर सैकिण्ड टॉपर बनी। प्रिन्का सपुत्री जयभगवान ने 83.79 प्रतिशत अंक पाकर मैरिट सूचि में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीकॉम फाइनल में दीपिका बंसल सुपुत्री अनिल ने मैरिट सूचि में दूसरा स्थान प्राप्त कर सैकिण्ड टॉपर बनी। बीए, बीकॉम की तरह हमारी बीएससी का परीक्षा परिणाम भी बहुत शानदार रहा।

## श्रद्धालुओं की बस को झंडी दिखा किया रवाना

- 11 हजार लोगों को करवाएंगे हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान : बलजीत रेढ़ू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। श्रद्धालुओं से भरी बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए।

समाजसेवी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढ़ू ने 100 दिनों में 11 हजार लोगों को हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान करवाने की अपनी मुहिम के तहत बुधवार को जींद के रायचंदवाला गांव से महिलाओं और बुजुर्गों से भरी बस को हरिद्वार के लिए रवाना किया। महिलाएं बस में मंगल गीत और गंगा मैया के भजन गाते सवार हुई। बस को हरी झंडी दिखा कर हरिद्वार के लिए रवाना करते रेढ़ू ने कहा कि समाज सेवा उनके लिए सबसे पहले है। उन्हें समाजसेवा से बहुत संतोष मिलता है। जब उनके क्षेत्र के बुजुर्ग और महिलाएं हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान के लिए रवाना होते हैं तो उनके चेहरे पर जो खुशी होती हैए उसका कोई मोल नहीं है। रेढ़ू ने कहा कि समाजसेवा को सभी को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। इस दौरान ग्रामीणों ने बलजीत रेढ़ू का उनकी समाजसेवा के लिए आभार जताया और कहा कि जिस तरह बलजीत रेढ़ू ने जींद के सभी 36 गांवों की बेटियों के लिए मुफ्त बस सेवा शहर के स्कूलों, कॉलेज और आईटीआई के लिए शुरू की है। पूर्व सरपंच महावीर, पूर्व सरपंच बहादुर, पंचायत समिति के पूर्व सदस्य बलदेव, आजाद, सुमित, विजेंद्र, अंकित मौजूद रहे।

---



जींद। युवती को लैपटॉप व दस्तावेज लौटाते चालक व परिचालक।

### परिचालक ने बस में मिला युवती का लैपटॉप लौटाया

जींद। रोडवेज बस के चालक व परिचालक ने बस में मिल युवती के दस्तावेज व लैपटॉप को लौटा कर युवती की सहायता की है। जींद डिपो की बस मंगलवार सायं को जींद से कैथल के लिए रवाना हुई। इसमें चालक सुरेश कुमार और परिचालक सुरेंद्र की ड्यूटी थी। कैथल पहुंचने पर परिचालक सुरेंद्र को सीट पर एक बैग रखा हुआ मिला। जब उसने इसके अंदर मिले दस्तावेजों की जांच की तो इसमें आरती नाम की युवती के दस्तावेज और एक लैपटॉप थे। बैग के अंदर मिले आई कार्ड पर लिखे फो न नंबर की सहायता से कर्मचारियों ने आरती से संपर्क किया और उसका बैग सकुशल वापस लौटा दिया। हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के रा'य उपप्रधान संदीप रंगा ने कहा कि रोडवेज कर्मचारी ने हमेशा से ही ईमानदारी से ड्यूटी की है। इस प्रकार के काम के लिए सरकार को कर्मचारियों को अलग से प्रोत्साहित करना चाहिए। बस में मिले सामान की संभाल करना बस के चालक व परिचालक की जिम्मेदारी होती है। जिसको बखूबी निभाया गया।

## अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया

- युवाओं को हर हाल में नशे के चंगुल से चाहिए आजादी : नरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नशे के खिलाफ शपथ दिलाते नरेश जागलान।

नशीली पदार्थों एवं उनकी गैर कानूनी तस्करी के विरुद्ध में नई सोच नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया गया। मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को हर हाल में नशे के चंगुल से आजादी चाहिए और हर प्रकार के नशे को अलविदा कहे तथा इस वर्ष की थीम साक्ष्य स्पष्ट है, रोकथाम में निवेश करें पर काम करें। ऐसे कार्यक्रम करने का एक ही उद्देश्य है कि जो लोग नशे की लत के कारण गलत राह पर चल रहे हैं, उन्हें आगे होने वाले परिणामों के बारे में बताना और युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए उन्हें सावधान करना। नरेश जागलान ने बताया कि नशे की लत को छोड़ने के लिए खुद को शिक्षित रखें, परिवार के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित रखें, अपने दोस्तों को ध्यान से चुनेए तनाव से निपटने के लिए स्वस्थ तरीके सीखे तथा स्वस्थ जीवन शैली विकसित करें। नशा छोड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपने ध्यान को स्थिर रखें। इस दौरान लोगों से मेलजोल बढ़ाएं ताकि आपके दिमाग में नशे से जुड़े ख्याल ही न आएं, साथ ही सुबह के वक्त मेडिटेशन या वर्कआउट करना शुरू कर दें।


हरियाणा रोडवेज जागृति मंच के सदस्य अपनी मांगों को लेकर हुए एकजुट।

### रोडवेज प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ उठाई आवाज

जींद। हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की रा'य कार्यकारिणी कमेटी की बैठक डिपो के यूनियन कार्यालय में रा'य प्रधान सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन रा'य महासचिव राजबीर सैनी व रा'य सचिव अजमेर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में रा'य प्रधान सुरेंद्र सिंह व रा'य महासचिव राजबीर सैनी ने कहा कि हरियाणा रा'य परिवहन अधिकारियों द्वारा चालक व परिचालक के अधिकारों में कटौती कर रही है। रा'य परिवहन से अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा तो उनके कर्मचारियों की सुविधा बढ़ाई जाती हैए लेकिन हरियाणा रा'य परिवहन के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन तानाशाही फ रमान जारी किए जा रहे हैं। इसमें कर्मियों का अर्जित अवकाश में कटौती करनाए साधारण एसी बसों में सफ र करने पर पाबंदी लगाना व अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का पत्र जारी करनाए रात्रि ठहराव में कटौती करनाए चालक परिचालकों से 'यादा ड्यूटी लेकर मानसिक रूप से परेशान करना और समय-समय पर चालक परिचालक के खिलाफ पत्र जारी करना है। उन्होंने कहा कि परिचालक हमेशा ही विभाग हित व जनहित में कार्य करते हैं और जनता को समय पर उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचने का कार्य करते हैं।

---

## जिला में फोटोयुक्त मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू

# बीएलओ घर-घर करेंगे मतदाता सूची का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 25 जून 2024 से बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू किया जाएगा। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर निर्धारित फार्म के अनुसार मतदाताओं के ारे में जानकारी एकत्रित करेंगे। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे बीएलओ को सही जानकारी दें और उनका सहयोग करें। त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह अपना निर्धारित फार्म भर कर बीएलओ को दे सकते हैं ताकि उनका नाम भी मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। अभियान के दौरान मतदाता सूची में दोहरे नामों को भी हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जाएगा तथा 25 जुलाई से नौ अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी। 19 अगस्त तक दावें एवं आपत्तियों का निपटारे करने उपरांत 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### नए वोट बनाने का कार्य होगा शुरू



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर 27 जुलाई शनिवार व 28 जुलाई रविवार तथा तीन अगस्त शनिवार व चार अगस्त रविवार को पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित बीएलओ पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनाने के लिए फार्म 6 भरवाने का कार्य करेंगे। इसके बाद 20 अगस्त 2024 को अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। पारदर्शी वोटर लिस्ट ही पारदर्शी चुनाव का आधार है। भारत निर्वाचन आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। पात्र व्यक्तियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से वोट बनवाने का अवसर दिया जा रहा है जिसके तहत एक जुलाई 2024 को क्वालिफाइंग तिथि मान कर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा नई वोट बनाने का कार्य किया जाएगा।

### दो स्थानों पर मतदाता सूची में नाम गैर कानूनी

डीसी ने बताया कि बीएलओ द्वारा वेरिफिकेशन के बाद दोहरे नामों को मतदाता सूची से हटाया जाएगा। मतदाता भी यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम दो स्थानों पर अंकित न हो। दो स्थानों पर मतदाता सूची में नाम शामिल करवाना कानूनी अपराध है। इस संबंध में बीएलओ को गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।


उचाना। कार्यक्रम में प्रस्तुत देते हुए प्रतिभागी।

### व्यक्ति नहीं बल्कि व्यक्तित्व आदरणीय : महिमाश्री

उचाना। शहर की पुरानी मंडी स्थिति तेरापंथ भवन में विराजमान साध्वी तिलक श्री ठाणे-3 के सान्निध्य में निरंतर धर्मसभा आयोजित हो रही है। तेरापंथ के 9वें आचार्य तुलसी के 28वें महाप्रयाण दिवस साध्वी तिलक श्री के सान्निध्य में मनाया गया। आचार्य तुलसी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालने के साथ-साथ उनके द्वारा जो शिक्षाएं दी गई है उनके बारे में विस्तार से बताया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। साध्वी महिमा श्री ने कहा हम सूरज की कद्र उसकी ऊंचाई के कारण नहीं करते बल्कि उसकी उपयोगिता के कारण करते है। व्यक्ति नहीं बल्कि व्यक्तित्व आदरणीय होता है। इसलिए अपना व्यक्तित्व बनाए ताकि आपकी हर कोई कद्र करें। हमेशा वो रहिए जो हम असल में है और वो कहिए जो हम सच में महसूस करते है, क्योंकि जो लोग बुरा मानते है वो मायने नहीं रखते और जो लेग मायने रखते है वो बुरा नहीं मानते। माता-पिता वो हस्ती हैं जिसके पसीने की एक बूंद का कर्ज भी औलात ताउम्र नहीं चुका सकती है। इसलिए मात-पिता का दिल कभी नहीं दुखना क्योंकि आपको काबिल बनाने के लिए पता नहीं क्या-क्या किया है। साध्वी ने कहा कि फ्रेंड सर्कल की कोई जरूरत नहीं है एक सीधा फ्रेंड ही काफी होता है।

## खबर संक्षेप

### अड्डा परिसर में धरना देकर की भूख हड़ताल

**कैथल।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले रोडवेज कर्मचारियों ने नए बस अड्डा परिसर में धरना दिया। इस दौरान रोडवेज के कई कर्मचारी भूख हड़ताल पर भी बैठे। इस मौके पर सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण किच्छाना, बलवान कुंडू, अमित शर्मा, सुरेश व सुशील कुमार, विक्रम गुहणा ने संयुक्त रूप से कहा कि 23 जून 2023 की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियों की अध्यक्षता में रोडवेज कर्मियों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन सरकार ने दिया था। अब साल बाद भी आश्वासन के बाद मांगें पूरी नहीं की है।

### पंजीकरण तिथि बढ़ाने से कालेज पहुंच रहे विद्यार्थी

**कैथल।** पंजीकरण की तिथि 30 जून तक बढ़ाए जाने के बाद, जो विद्यार्थी पोर्टल पर अपना पंजीकरण नहीं करा पाए थे, वे आज पंजीकरण कराने के लिए आरकेएसडी कॉलेज पहुंचे। वेबसाइट पर भारी भीड़ के कारण पिछले दो दिनों से पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा था। इसलिए उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा तिथि बढ़ाने के इस स्वागत योग्य कदम के बाद विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली है। हालांकि पहली मेरिट सूची उसी तिथि को प्रदर्शित की जाएगी, जो पहली प्रोविजनल मेरिट सूची के लिए 2 जुलाई को है। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि कॉलेज ने मेरिट सूची के अनुसार विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है।

### रोड हादसों में तीन युवतियां घायल

**कैथल।** अलग-अलग जगहों पर हुई सडक दुर्घटनाओं में तीन युवतियां व एक व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गांव खुराना निवासी रीतिका ने शहर थाना में शिकायत दी कि 22 जून को उसके ताऊ की लडकी अर्चना का जन्मदिन था। वह अर्चना और परी के साथ स्कूटी पर सवार होकर जन्मदिन का सामान लेने के लिए जा रही थी। जब शाम को वापस जाते समय वे खुराना रोड पर शैमरॉक स्कूल के पास पहुंचीं तो गांव के सुखविंद्र ने उन्हें मोटरसाइकिल की टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे चोटिल हो गईं, और सुखविंद्र मौके से भाग गया।

## अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर पुलिस महानिदेशक ने किया सम्मानित

# नशा जागरूकता मुहिम में अहम भूमिका निभाने पर कैथल पुलिस का किया सम्मान

**टीम ने गांव गांव जाकर 265 प्रोग्राम आयोजित कर करीब 1 लाख लोगों को मुहिम से जोड़ते नशा ना करने बारे जागरूक किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

12 जून से 26 जून तक चले नशा मुक्त भारत पखवाड़ा दौरान आमजन को नशा न करने बारे जागरूकता मुहीम दौरान अहम भूमिका निभाने के लिए डीजीपी हरियाणा द्वारा पुलिस विभाग कैथल जिले को सम्मानित किया गया। एसपी उपासना ने जानकारी देते हुए बताया की कैथल जिले से डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही,मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव को शामिल करके एक नशा जागरूकता टीम का गठन किया गया था। जो 12 जून से 26 जून तक चले इस अभियान के तहत इस टीम द्वारा गांव गांव जाकर करीब 265 प्रोग्राम आयोजित करके करीब 1 लाख लोगों को इस मुहिम से जोड़ते हुए नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। 26 जून अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर द्वारा पंचकूला में पुरे हरियाणा से इस मुहिम में बेहतरीन कार्य करने वाले 6 जिलों को सम्मानित किया गया, जिनमे कैथल जिला भी शामिल है। जो कैथल जिले से नशा जागरूकता टीम का नेतृत्व कर रहे डीएसपी कुलदीप बेनीवाल को पुलिस महानिदेशक ने प्रशंसा पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



**कैथल।** डीएसपी कुलदीप बेनीवाल को सम्मानित करते डीजीपी हरियाणा शत्रुजीत कपुर। *फोटो : हरिभूमि*



**कैथल।** डीएसपी उमेद सिंह तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

■ कैथल। अन्तराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने जिला नागरिक अस्पताल से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ आशा वर्कर द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का सिविल सर्जन डॉ रेणु चावला ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. सचिन मांडले, डॉ. मिनाक्षी गोयल, डॉ. राजीव मित्तल, डॉ. डीसी ठुकराल, डॉ. आरडी चावला, नवराज सिंह, रामफल कश्यप आदि मौजूद रहे। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशा मुक्त अभियान में सर्वाधिक संख्या में जुड़ें। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुये प्रतिज्ञा करें कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त करायेंगें, क्योंकि बदलाव की शुरूआत अपने आप से होनी चाहिए।

### अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर निकाली तिरंगा यात्रा

**कैथल।** समाज से नशे जैसी बुराई को मिटाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान करते हुए बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर पुलिस विभाग द्वारा आटो, ई-रिक्शा, टैक्सी, एंबुलेंस तथा पुलिस गाड़ियों की मार्फत कैथल शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह यात्रा ट्रैफिक एसएचओ एसआई रमेश कुमार की टीम तथा नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही,मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव टीम की अगुवाई में निकाली गई। जो यात्रा को नया बस अड्डा कैथल से डीएसपी हेडक्वार्टर उमेद सिंह ने हरी झंडी देकर रवाना किया। यात्रा नया बस अड्डा, करनाल रोड़ से होते हुए पेहवा चौंक से वापिस नया बस अड्डा पर समाप्त हुई। इस दौरान डीएसपी उमेद सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस प्रतिवर्ष 26 जून को मनाया जाता है ताकि नागरिकों को नशे के खिलाफ जागरूक कर इससे जुड़े खतरों के बारे में उन्हें अवगत कराते हुए नशा मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वैश्विक कार्रवाई और सहयोग को मजबूत बनाया जा सके। आमजन तथा विशेष तौर पर युवा वर्ग को संदेश दिया गया कि जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए नशे से दूर रहें। नशा करने वाला व्यक्ति ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ते है। नशे से हमें शारीरिक आर्थिक व सामाजिक क्षति होती है। नशा करके वाहन चलाने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में लोगों की अमूल्य जान चली जाती है, जिनमें से अधिकांश युवा होते है।

------09

## न्यूज डायरी

### श्री श्याम मित्र मंडल चलाएगा पौधरोपण अभियान : मैहला



**पूंडरी।** संगरौली में श्रीश्याम मित्र मंडल के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूंडरी एवं श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्य डॉ बलविंद्र मैहला ने भाग लिया। बैठक में जानकारी देते हुए मैहला ने कहा कि आगामी सप्ताह में मित्र मंडल गांव संगरौली व आसपास के गांव में पौधारोपण अभियान चलाएगा। पर्यावरण को बचाने के लिए वन विभाग व हरियाणा सरकार द्वारा जो अभियान समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। मित्र मंडल भी अपने सभी सदस्यों के साथ इस कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। मित्र मंडल का हर सदस्य इस अभियान में बढ़-चढ?र भाग लेगा। इससे पहले भी मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा सामाजिक व धार्मिक कार्योंर् का आयोजन करवाया जाता रहा है।

### कथा में सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते



**गुहला-चीका।** श्री भवानी मंदिर में आयोजित श्री मद् भागवत कथा के तृतीय दिन की कथा शुभारंभ महावीर वर्मा व सकीर्तन मंडली ने सपरिवार पहुँचकर अपने कर कमलों द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर किया।भागवताचार्य प्रदीप जी महाराज वृंदावन ने कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए बताया की। भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया।

### बच्चों में क्लब फुट की बीमारी असाध्य नहीं: डा . हितेश



**गुहला-चीका।** गुहला अस्पताल के सरकारी डॉक्टरों की एक टीम के सहयोग से गुहला चीका के आंगनवाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चे के पांव जन्म से ही अंदर की ओर मुड़े हुए होते है, उनके बारे में बताते डाक्टर हितेश तंवर ने कहा कि उक्त बीमारी का इलाज सरकार द्वारा मुफ्त किया जाता है, जो कि किसी भी सरकारी अस्पताल में करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्लब फुट एक जन्मजात दोष है और इस बीमारी से ग्रस्त बच्चों के पांव जन्म से ही अंदर की ओर मुड़े हुए होते है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का आह्वान किया कि वे इस बीमारी से बिल्कुल भी भयग्रस्त ना हों क्योंकि यह बीमारी असाध्य नहीं है नतीजतन इसका ना केवल इलाज संभव है।

### लोगों ने भाजपा को किया क्लीन आउट : नरेंद्र शर्मा



**पूंडरी।** आप पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री नरेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा को देश-प्रदेश की जनता ने सिरे से खारिज कर दिया है। विशेष रूप से हरियाणा व पंजाब के लोगों ने भाजपा को साफ करने का काम किया है। भाजपा नेता 400 पार से अधिक सीटों का दावा कर रहे थे, लेकिन देशभर में भाजपा को मात्र 240 सीटें ही मिलीं। गांव हाबड़ी, सिरसल व चुहड़माजरा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता प्राप्ति के लिए लोगों को बहकाने का काम करती है। पिछले 10 साल से भाजपा सत्ता में है, परंतु जनहित के कोई भी फैसला लेने में भाजपा विफल साबित हुई है। अब प्रदेश में आम आदमी पार्टी ही विकल्प है।

### युवा देश का भविष्य, रहें नशे से दूर: रामजी लाल



**कैथल।** जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने कहा कि हमारे देश का उज्जवल भविष्य युवाओं पर टिका होता है। अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते में जाने लगे तो, निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाएगा। नशा व्यक्ति के मस्तिष्क और व्यवहार पर नकारात्मक असर करता है। जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव जिला रैडक्रॉस भवन में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेद एवं तस्करी विरोधी दिवस पर एक दिवसीय नशा मुक्ति सेमिनार में प्राथमिक चिकित्सा ग्रहण कर रहे परीक्षार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जिला रैडक्रॉस सोसायटी के प्रधान एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार के मार्गदर्शन एवं मुख्यालय के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया है।

### योग के साथ जुड़कर जीवन जीने का आनंद लें: हरिओम



**गुहला-चीका।** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट चीका के तत्वावधान में ताऊ देवीलाल पार्क चीका में चल रहे 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के 12 वें दिन बतौर मुख्यातिथि प्रमुख समाजसेवी पूर्व सरपंच अमरजीत बाजीगर ने दीप प्रज्ज्वलित किया। मंच संचालन पतंजलि जिला प्रभारी एवं आचार्य हरिओम शोकल ने करते हुए योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। अमरजीत बाजीगर ने कहा कि जिस प्रकार गाड़ी की सर्विस करवाने के बाद गाड़ी अच्छे से चलती है उसी प्रकार योग करने से शरीर की शुद्धि होती है और हम निरोग हो जाते हैं। योग के द्वारा तन और मन स्वस्थ होता है। जिससे दवाओं पर लगने वाला पैसा बचता है और जीवन में आर्थिक समृद्धि आती है।

## लूट-हत्याओं की वारदातों से शहरवासियों में भय: रणदीप

■ भाजपा सरकार राज में गुंडों का आतंक जारी, कानून व्यवस्था का निकल चुका दीवालिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



रणदीप सिंह सुरजेवाला

कैथल में आए दिन बढ़ रही डकैती, लूट और हत्याओं की वारदातों ने शहरवासियों को भय के माहौल में जीने को मजबूर कर दिया है। 2 महीने में लगातार कैथल में डकैती, लूट व हत्याओं के मामलों ने कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लाकर खड़ा कर दिया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने लचर कानून व्यवस्था व नींद में सो रही भाजपा सरकार पर हमला बोला। सुरजेवाला ने कहा कि दिन प्रति दिन हरियाणा और कैथल में घट रही हत्या, गुंडागर्दी, लूट, फिरौती की वारदातें भाजपा सरकार का चाल, चरित्र और चेहरा बन चुका है और इन मौजूदा समय में कैथल सहित पूरे हरियाणा में कानून व्यवस्था का दिवालिया निकल चुका है। हरियाणा गुंडागर्दी, लूट और फिरौती के मामलों में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

## पीजीटी संस्कृत,जीव विज्ञान और इतिहास के शिक्षकों को समायोजन के लिए ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** शिक्षा मंत्री से मिलते हरियाणा कौशल अध्यापक एसो का प्रतिनिधिमंडल।

हरियाणा कौशल अध्यापक एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से मिली। इनमें प्रधान मुकेश सैनी , उपप्रधान अमित स्योकन्द, सलाहकार सीमा शर्मा, सहसचिव बलराज कुमार थे। वे बाद में केबिनेट मंत्री रणजीत सिंह , महिपाल ढांडा से भी मिले। उन्हें एचकेआरएन के तहत लगे सभी अध्यापकों की समस्याओं से अवगत करवाया गया विशेष रूप से जो साथी प्रभावी हैं जैसे पीजीटी संस्कृत जीव विज्ञान और इतिहास के शिक्षकों को समायोजन के लिए ज्ञापन दिया। हरियाणा कौशल अध्यापक एसो ने बताई समस्याओं को बड़े ध्यान से सुना व मुद्दों को कैबिनेट मीटिंग में उठाने का भी आश्वाशन दिया। इसमे मूल रूप से एक्सटेंशन का मुद्दा भी एक था, एसोसिएशन को आश्वासन देते हुए तुरंत प्रभाव से एक्सटेंशन लेटर जारी करवाया, बताया कि भाजपा सरकार हर प्रकार से अध्यापकों के हित में कार्यरत है। शिष्टमंडल ने सरकार के सकारात्मक रुख पर सरकार की प्रशंसा की जॉब सिक्योरिटी (रिक्त पदों पर एडजस्टमेंट) के लिए भी शिक्षा मंत्री के माध्यम से सरकार को गुहार लगाई।

# एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

■ अधिकारियों को जल्द निपटान करने के दिए निर्देश

■ खंड स्तरीय समाधान शिविर में आई 16 शिकायतें 12 का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



**गुहला-चीका।** समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते हुए।

एसडीएम कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी चीका कार्यालय में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने जनसाधारण की समस्याएं सुनीं। एसडीएम कृष्ण कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल सत्र पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, इसी कड़ी में उपमंडल स्तर पर इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में लोगों की परिवार पहचान पत्र में डाटा को सही करने तथा पेंशन बनाने सहित अन्य शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया गया। शिविर में आज 16 शिकायतें आई, जिनमें 12 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। बाकि बची शिकायतों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गए है कि जल्द इन शिकायतों का निपटान करें।

एसडीएम ने बताया कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे। समाधान शिविर के दौरान लगातार नागरिकों की मूल समस्या जिसमें प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, सभी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिजली एवं पेयजल से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है।



**पूंडरी। मंदिर में खंडित मूर्ति को दिखाते प्रधान राजबीर सैनी।**

### मंदिर से नकदी चोरी व मूर्ति को किया खंडित

**पूंडरी।** पूंडरी में मंगलवार की रात पूंडरिक तीर्थ स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर परिसर में बने प्राचीन भगवान शिव पार्वती मंदिर में से चोर ताला व शीशा तोड़कर नगदी चुराकर ले गए और पत्थर से एक मूर्ति को खंडित कर गए। पूंडरी शहर में पिछले कई दिनों से चोरी की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही है। ये चोरी की घटनाओं को अंजाम नशे के आदि युवक व नशेड़ी दे रहे है। मंदिर के पुजारी महेंद्र शर्मा ने बताया कि हर रोज की तरह मंगलवार को भी वह मंदिर के शाम को कपाट बंद करके व ताला लगाकर गया था। रात को चोरों ने मंदिर को कवर करने के लिए लगाई गई झाली को तोड?र अंदर घूस गए और मंदिर में मूर्तियों के सामने लगे कांच के शटर को चंदन रगडने वाले पत्थर से तोड?र उसमें रखी नगदी चुराकर ले गए। पत्थर मारने से मां पार्वती की मूर्ति टूटने से खंडित हो गई। ये मूर्ति लगभग 200 वर्ष पुरानी बताई जा रही थी। सुबह आकर देखा तो मंदिर में कांच बिखरा पड़ा था और ताले टूटे हुए थे। जिसकी सूचना पुलिस व तीर्थ सभा कमेटी को दी गई। श्री पूंडरीक तीर्थ सभा पूंडरी के प्रधान राजबीर सैनी व सचिव कृष्ण लाल सैनी ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि चोरी की घटनाएं पहले भी बहुत हो चुकी है, लेकिन पुलिस के ढीले रवैये की वजह से चोर गिरफ्त से बाहर है।

## आमजन की समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभा रहे समाधान शिविर

■ जिला प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर आमजन की शिकायतों का हल कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एडीसी सी जया श्रद्धा तथा एसपी उपासना लोगों की शिकायत सुनते हुए।

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं के निदान में अहम भूमिका निभा रहे हैं। शिविर में एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी मौजूद रहते हैं और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनकी समस्या का समाधान करते हैं। लघु सचिवालय स्थित सभागार में बुधवार को एसपी उपासना, एडीसी सी. जया श्रद्घा, डीएमसी सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने आम जन की परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, स्वामित्व रजिस्ट्री, जमीन पैमाइश, राशन कार्ड, बिजली, पानी पुलिस विभाग व अन्य समस्याओं की सुनवाई की। शिविर में सीवन से आए बलविंद्र की परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्या का मौके पर ही निवारण किया गया। बलविंद्र ने बताया कि उसकी पोती का नाम किसी दूसरे की पीपीपी आईडी में जुड़ा हुआ था। समस्या को लेकर वह समाधान शिविर में आया जहां अधिकारियों उसकी समस्या को ध्यान से सुना और मेरी पोती के नाम को हमारे पहचान पत्र में जोड़ा।

## नौकरियों में ओबीसी वर्ग को मिलेगा बड़ा लाभ

# सीएम ने ओबीसी समाज की मांगों को पूरा किया : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** डिप्टी स्पीकरण रणवीर सिंह गंगवा कैथल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

डिप्टी स्पीकरण रणवीर सिंह गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नौकरियों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण के अंदर क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्त्रोतों से 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक घोषणा करके ओबीसी समाज की पुरानी मांग को पूरा करने का काम किया है। प्रदेश सरकार अंत्योदय के मूलमंत्र पर काम कर रही है। प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं लागू की हैं, जिसका लाभ पात्र व्यक्तियों के घर द्वार पर पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

डिप्टी स्पीकरण रणवीर सिंह गंगवा लोक निर्माण विश्राम गृह में प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अब तक भारत सरकार की तर्ज पर इस आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को लाभ होगा। सरकार ने यह घोषणा भी की है कि ग्रुप-ए और गुरप-बी के पदों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण 15 प्रतिशत है। अब इसे केंद्र सरकार की तर्ज पर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर सभी पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत किया जाएगा। इसके अलावा, नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए और बी के बैगलॉग को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। इसके लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है इसके लिए डिप्टी स्पीकर ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में ओबीसी समाज के साथ नौकरियों अन्याय होता था और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में लोगों के कल्याणार्थ कार्य किए जा रहे हैं। हरियाणा प्रदेश में ओबीसी समाज के हर स्तर पर लाभ पहुंचाने में सरकार ने अपना दायित्व निभाया है। बीजेपी सरकार ने पंचायती राज में ओबीसी समाज को 8 प्रतिशत आरक्षण दिया था, जिसके फलस्वरूप ब्लॉक समिति आदि में सदस्य चुने जा रहे हैं। सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए घोषणा कर रही है, जिनको सरकार द्वारा निर्धारित समय अवधि में ही पूरा किया जा रहा है।

### ये लोग मौजूद रहे

इस मौके पर हरियाणा माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, बीपीएचओ के जिला कोषाध्यक्ष सुभाष कुराड़, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रजापति, काला प्रजापति, संदीप पाडला, श्याम प्रजापति, कृष्ण टीक, अनिल बात्ता, यूएचबीवीएन की डायरेक्टर ज्योति सैनी, पाला राम कश्यप, शमशेर सैनी, सुरेंद्र जांगड़ा बरोट, बलबीर सिंह, राजौंद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र प्रजापति, कृष्ण प्रजापति भाणा, धर्मपाल आदि सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## टाबर उत्सव में विद्यार्थियों ने सीखे मूर्तिकला के गुरः हृदय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा एवं शिक्षा विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को बात्ता गांव के सरकारी स्कूल में टाबर उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी (मूर्तिकला) हृदय कौशल ने शिरकत की। विद्यार्थियों को आधुनिक मूर्तिशिल्प क्ले मॉडलिंग, रिलिफ एवं थ्री डी क्कलप्चरल आर्ट में हरियाणा संस्कृति पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी हृदय कौशल ने कहा कि स्कूल स्तर के 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव-2024 का आयोजन राज्य के 22 जिलों के 22 सरकारी विद्यालयों में किया जा रहा है। यह टाबर उत्सव कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव वी.उमा शंकर, शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी. अनुपमा, इस विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बरार एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक जितेन्द्र कुमार तथा विभाग के अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक अमृता सिंह के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारी (कल्चर) अमनप्रीत कौर की देखरेख में किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मकान से नकदी और गहने चोरी

**कैथल।** सीवन में अज्ञात आरोपी एक मकान से नकदी व गहने चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीवन निवासी सरोज ने पुलिस को शिकायत दी कि 10 जून से 25 जून तक वह अपने मायके पंजाब में गई हुई थी। इस दौरान अज्ञात आरोपी उनके घर का ताला तोडकर 30 हजार रुपये व सोना-चांदी के गहने चोरी कर ले गए। उसे 95 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जांच अधिकारी राजपाल ने बताया की मामले की जांच चल रही है।

### पुराने बस स्टैंड के पास जेब से पर्स चोरी

**कैथल।** पुराने बस स्टैंड के पास अज्ञात आरोपी एक व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी कर ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव छौत निवासी रामफल ने शहर थाना में शिकायत दी कि 24 जून को वह कैथल शहर में पुराना बस स्टैंड पर आया हुआ था। वहां पर अज्ञात आरोपी ने उसका पर्स चोरी कर लिया। पर्स में 9650 रुपये व जरूरी कागज थे। जांच अधिकारी बीरसिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धमकी देकर दुष्कर्म करने पर केस दर्ज

**जींद।** महिला का चार वर्ष तक यौन शोषण करने के आरोप में महिला थाना पुलिस ने भिवानी जिले के चांग गांव निवासी राजकुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला थाना के पास भिवानी महिला थाना से जीरो एफआईआर दर्ज कर भेजी गई। महिला थाना पुलिस को दी शिकायत में सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसका संपर्क भिवानी जिले के चांग गांव निवासी राजकु मार से चार वर्ष पहले हुआ था।

### मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा : गुप्ता

**जींद।** भारत विकास परिषद वीर शाखा द्वारा नागरिक अस्पताल में चलाई जा रही रसोई में बुधवार को भाजपा की प्रदेश महामंत्री डाण अर्चना गुप्ताए विधायक डा. कृष्ण मिढ़ा, सोनीपत लोकसभा प्रभारी जवाहर सैनी पहुंचे। यहां मरीजों और उनके परिजनों के लिए निशुल्क भोजन वितरण सेवा में अपनी सेवा दी। डा. अर्चना गुप्ता ने आम लोगों से आह्वान किया कि घर में जन्मदिनए वैवाहिक वर्षगांठए बुजुर्गो्र की पुण्य तिथि या परिवार का कोई विशेष दिन हो तो नागरिक हस्पताल में दाखिल मरीजों व उनके स्वजनों में भोजन वितरण करके परिषद की रसोई मे सहयोग करना चाहिये।

### मतदाता सूचियों की त्रुटि ठीक करेंगे बीएलओ

**जींद।** हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी हेमा शर्मा ने मंगलवार को फोटो युक्त मतदाता सूचियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में हरियाणा के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी बीएलओ 25 जून से 24 जुलाई 2024 तक घर-घर जाकर मतदाता सूचियों की त्रूटि ठीक करेंगे।ß

---

### जिला में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा के प्रबंध किए जाएं

# नेशनल तथा स्टेट हाइवों पर लगवाए जाएं साइन बोर्ड

**बरसाती मौसम को देखते हुए टूटी सड़कों की करवाई जाए मरम्मत**

**सड़क सुरक्षा को लेकर हुई बैठक में आरटीए ने दिए दिशा-निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में बुधवार को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव (आरटीए) गिरिश अरोड़ा की अध्यक्षता सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक का अयोजन किया गया। आरटीए ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार व प्रशासन की प्राथमिकताओं में शुमार है। घर से काम के लिए निकला हर नागरिक सुरक्षित घर पहुंचे इसके लिए सड़क सुरक्षा के नियमों की लगातार और सख्ती से पालना करवाई जाए।

**जिला में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा के प्रबंध किए जाएं:** आरटीए ने जिला में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित करें जहां प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षा बंदोबस्त किए जाने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि सड़क मार्गो् पर जरूरी साइनेज तथा मार्केटिंग की जाए। सडकों पर यातायात सुरक्षा नियमों की पूर्ण अनुपालना की जाए। सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण नियमों की उल्लंघना भी है। इसलिए नियमों की अवहेलना करने वालों के अधिकाधिक चालान किए जाएं। यदि कोई बार.बार उल्लंघना करता पाया जाता है तो उसका ड्राईविंग लाईसेंस रद्द करें।

**सड़कों पर बनी पूलिया की सूची तैयार की जाए:** आरटीए ने स्टेट हाइवे तथा नेशनल हाइवे के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़कों पर उचित जगह पर साइन बोर्ड लगाएं। उन्होंने कहा कि ग्रीन फील्ड कोरिडोर 152डी समेत जिला से निकलने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्ग व रा'य मार्ग हरियाणा की लाइफ लाइन बन चुके हैं। इन पर वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ सड़क हादसे होने का भी अंदेशा रहता है। ऐसे में लोगों को लगातार जागरूक भी किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला की सभी सड़कों पर बनी ऐसी पुलिया की सूची तैयार करें जिनके कारण हादसे होने का अंदेशा रहता है। इसके अलावा सड़कों पर कम उम्र के बच्चे दुपहिया वाहनों पर गलत ढंग से ड्राइविंग करते हैं। ऐसा करने वालों पर भी सख्त से सख्त कार्रवाई हो। सड़क पर हर व्यक्ति को जिम्मेदारी पूर्वक तरीके से चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में दुकानों के आगे रखे सामान को दुकान से बाहर न रखने दें। चुंकि अब बरसात का सीजन आ चुका है, ऐसे में जहां से भी कोई सड़क टूटी दिखाई दे उसकी तुरंत मरम्मत की जाए ताकि बरसात के कारण होने वाले गडडो से किसी जान.माल की हानी न हो। उन्होंने सड़कों के साथ-साथ उगने वाली झाडियों को भी कटवाने के सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये।

**यह रहे मौजूद:** इस अवसर पर जींद के एसडीएम राकेश सैनी, उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक, सफीदों के एसडीएम मनीष फोगाट, जुलाना के एसडीएम अजय सिंह, डीएसपी जोगेंद्र सिंह, टीएम रोडवेज पंकज मौजूद रहे।

#### जिला में सड़क सुरक्षा को लेकर कोई समझौता न करें : गिरीश अरोडा

आरटीए गिरीश अरोड़ा ने कहा कि जिला में सड़क सुरक्षा को लेकर कोई समझौता न करें। यह आम आदमी की जान की सुरक्षा को लेकर अति महत्वपूर्ण विषय है और सभी विभाग इसमें तालमेल के साथ काम करें। आम लोगों को जागरूक करें और यातायात को नियंत्रित करने में मिलकर कदम उठाएं। आरटीए सचिव ने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी जिला में सड़क दुर्घटनाओं व नियमों की पूर्ण अनुपालना तथा अन्य सड़क यातायात सुविधाओं को सुदृढ़ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एजेंसी के साथ प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---



**उचाना।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए आप व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान।

## नपा अधिकारियों पर आप ने लगाए मनमानी के आरोप

- आप ने की विजिलेंस जांच की मांग, नपा सचिव ने सभी आरोपों को नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने नपा द्वारा शहर में करवाए गए विकास के कामों में गोलमाल के आरोप लगाते हुए इसकी विजिलेंस जांच की मांग की। रजबाहा रोड स्थिति ऑफिस में पत्रकार वार्ता में वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि इसको लेकर रा'यपाल, सीएम एवं विजिलेंस को पत्र लिख कर विजिलेंस से जांच की मांग की जाएगी। जो-जो काम उचाना में हुए उनकी आरटीआई लगा कर जानकारी भी मांगी जाएगी ताकि पता चल सकें कि जो राशि शहर के विकास पर लगी है वह कहा-कहा खर्च हुई है। उन्होंने कहा कि अपने चेहतों को टेंडर अलॉट किए गए है। किसी दूसरे ठेकेदार को अगर टेंडर मिलता दिखता है तो कागजात में कमी बताने के साथ-साथ अन्य तरह से उसको दबाव में लाकर टेंडर नहीं लेने के लिए मजबूर कर दिया जाता है। कई कामों की जानकारी मिली है जो जिस जगह बताए गए है वहां हुए नहीं है। नपा में जो अधिकारी, कर्मचारी है उनका काम वो न करके किसी दूसरे से करवाया जा रहा है।

400 लाख रुपये शहर में विभिन्न कामों में खर्च होने की बात कही जा रही है लेकिन ये नजर नहीं आ रहे है। जरूरत पड़ी तो सीएम से भी आप का प्रतिनिधि मंडल इसको लेकर मिलेगा। उचाना के विकास के कायारें् की जांच करवाने का काम करेंगे ताकि सच सामने आ सकें। नपा सचिव विक्रमजीत ने कहा कि जो आरोप लगाए जा रहे है वो बेबुनियाद है। नियमानुसार काम शहर में हुआ है। ऑनलाइन टेंडर होते है तो ऑनलाइन बिल बनते है। बिल नपा नहीं बनाती है। एमबी जो होती है वो भी ऑनलाइन भरी जाती है। सभी तरह के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है।

---

## पुस्तकालयाध्यक्ष पदों के लिए यूजीसी मानकों के अनुसार तत्काल सुधार की मांग की

- एचएलए ने मांगों को लेकर शिक्षामंत्री को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** हरियाणा पुस्तकालय संघ के पदाधिकारी शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौपते हुए।

हरियाणा पुस्तकालय संघ (एचएलए) ने राज्य के सरकारी कॉलेजों और जिला पुस्तकालयों में पुस्तकालयाध्यक्ष/ वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष पदों की योग्यता में संशोधन की लंबे समय से लंबित मांग को लेकर एक बार फिर आवाज उठाई है। संघ ने हाल ही में शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें पिछले चार दशकों से चली आ रही इस विसंगति को उजागर किया गया है। एचएलए के अध्यक्ष डॉ. रूपेश गौड़ के अनुसार, हरियाणा शिक्षा कॉलेज ग्रेड सेवा नियम 1986 में वर्तमान योग्यताएं काफी पुरानी हो चुकी हैं। इन नियमों के तहत केवल पुस्तकालय विज्ञान में द्वितीय श्रेणी के साथ स्नातक डिग्री या पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता है। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मानकों के विपरीत है, जो पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में न्यूनतम 55% अंकों के साथ मास्टर डिग्री, और नेट योग्यता या पीएचडी की मांग करते हैं। डॉ. गौड़ ने बताया कि यह विसंगति उच्च योग्य उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी बाधा बन गई है और हमारे शैक्षणिक और सार्वजनिक संस्थानों में योग्य पेशेवरों की कमी का कारण बनी है। उन्होंने अन्य मामलों की जानकारी भी शिक्षामंत्री को दी।

---

## मिट्टी घोटाले को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

- एसडीएम से भी बैठक कर उठाई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



**गुहला-चीका।** मिट्टी घोटाले को लेकर तहसीलदार गुहला को उपायुक्त कैथल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए भाकियू नेता। *फोटो : हरिभूमि*

आज यहां भारतीय किसान यूनियन की गुहला चीका शाखा के पदाधिकारियों ने तहसीलदार गुहला को एक ज्ञापन सौंपा और मिट्टी घोटाले की जांच की मांग की। किसानों का आरोपथा कि ठेकेदार जहां सरकारी आदेशों की तो अवहेलना करके मिट्टी बेच रहा है नतीजतन यदि बाढ़ आ गई तो किसानों को एक बार फिर बाढ़ का शिकार होना पड़ सकता है। बाद में किसानों ने एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार के साथ भी बैठक की, जिसमें एसडीएम ने मिट्टी घोटाले को लेकर एक कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसडीएम ने बताया कि किसानों की मांग पर घग्गर नदी व बेची गई मिट्टी के सैंपल लेने की मांग भी स्वीकार कर ली गई और उन्होंने मौके पर ही सिंचाई विभाग के एसडीओ को आदेश जारी किए कि उक्त मामले में किसानों को साथ लेकर मिट्टी के सैंपल लिए जाए। बैठक में मौजूद सम्बन्धित विभाग के एसडीओ अजमेर सिंह ने बताया कि कथित घोटाले के आरोप लगने के बाद विभाग पूरी तरह सख्त है और जहां मिट्टी खुदाई पर अधिकारी पैनी निगाह रखे हुए हैं, वहीं शाम होते ही मिट्टी की खुदाई कर रही मशीनों व ढुलाई करने वाले वाहनों की चाबियां ले ली जाती हैं ताकि वे रात के अंधेरे में मिट्टी को इधर-उधर ना कर सकें।

#### घोटाले की निष्पक्ष की जाए जांच: केवल सिंह

भाकियू जिला उपप्रधान केवल सिंह सदरेहड़ी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि हालांकि प्रशासन के साथ हुई बैठक सकारात्मक रही और एसडीएम ने उक्त मामले को लेकर किसानों की सभी मांगे मान ली और उन्हें जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि उक्त घोटाले को लेकर प्रशासन जल्द ही सख्त कदम उठाकर मिट्टी घोटाले का पटाक्षेप करेगा। उन्होंने साथ ही यह चेतावनी भी दी कि यदि प्रशासन ने जांच में कोई कोताही बरती तो फिर भाकियू कोई बड़ा फैसला लेने पर भी मजबूर हो सकता है। इस अवसर पर किंद्र, गुरजंट टटियाना, गुरबचन सिंह,सुभाष पूनिया, जरनैल जैली, हरजिंद्र नम्बरदार, लखविंद्र सिंह राहुल, सुरजीत सिंह व हरविंद्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

---



जल सेवा रिक्शा प्रदान करते हुए रोटरी क्लब के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### जल सेवा रिक्शा की भेंट

**गुहला-चीका।** शहर की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था श्री सनातन धर्म महावीर दल को यहां की एक अन्य शहर की प्रमुख समाजसेवी संस्था रोटरी कल्ब द्वारा यहां की एक अन्य संस्था रोटरी कल्ब ने शमशान घाट के लिए एक जल सेवा रिक्शा भेंट की। मालूम रहे कि शमशानघाट के देखभाल की व्यवस्था महावीर दल ही करता है और वहां पर दाह संस्कार करने के लिए आने वाले लोगों के लिए जल सेवा रिक्शा शमशानघाट के लिए मुहैया करवाई गई है, उसमें पानी की बंद व ठंडी बोतलों की व्यवस्था की गई है ताकि वहां आने वाले लोगों को ठंडा व शुद्ध पानी मिल सके। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए रोटरी कल्ब के प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि उनकी संस्था वैसे तो कई अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर लोगों का सहयोग कर रही है परंतु जैसे ही उन्हें पता चला कि शमशानघाट में लोगों के लिए जल सेवा रिक्शा की जरूरत है।

---

## कर्मियों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

- सरकार द्वारा मानी गई मांगों को पूरा न किए जाने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए रोडवेज कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को रोडवेज कर्मियों ने मांगों को लेकर भूख हड़ताल की और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भूख हड़ताल में कूका, जयबीर, जितेंद्र, कर्मवीर, ओमप्रकाश, स'जन, धर्मवीर, राजेश, बलजीत, पवन, रमेश, नीतिश आदि नेता शामिल रहे। बाद में रोडवेज कर्मियों ने मांगों को लेकर ज्ञापन महाप्रबंधक राहुल जैन को सौंपा। धरने की अध्यक्षता अनिल गौतम, बिजेंद्र ढोला, जितेंद्र लाठर व देवेंद्र घोडेला ने की जबकि मंच संचालन संदीप रंगा ने किया। सांझे मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य आजाद गिल, सुशील ईक्कस व अनूप लाठर ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व अधिकारी समय रहते कर्मचारियों की समस्याओं व मांगों का समाधान करें अन्यथा 14 जुलाई की परिवहन मंत्री आवास का घेराव करके आगामी बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि 23 जून 2023 की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियों की अध्यक्षता में मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता हुई थी। इसमें कर्मचारियों के देय अर्जित अवकाशों में कटौती नहीं करने, चालक व परिचालक का पे-ग्रेड बढ़ाने, 2016 के चालकों को पक्का करने, 2002 के चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करना, सहायक स्टोर कीपर व सहायक कैशियर पद समाप्त करने, चालकों की स्टैंड इंचार्ज का पद सृजित करके प्रमोशन करना आदि मांगों पर सहमति बनी थी। इसके परिपत्र जारी करने का आश्वासन दिया था, जो अभी तक जारी नहीं किए गए।

---



**उचाना।** एचसीएच परीक्षा पास करने वाली रितु शर्मा के निवास पर पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला। *फोटो : हरिभूमि*

## एचसीएस परीक्षा पास करने वाली रितु को दुष्यंत चौटाला ने दी बधाई

**उचाना।** पूर्व डिप्टी सीएम एवं स्थानीय विधायक एचसीएस परीक्षा पास करने वाली रितु शर्मा पुत्री दयानंद शर्मा के उचाना कलां आवास पर अचानक पहुंचे। दुष्यंत चौटाला को अपने घर देखकर परिवार का खुशी नजर आया। यहां पर रितु शर्मा से विस्तार से दुष्यंत चौटाला ने बातचीत करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि ये अच्छी बात है कि उचाना हलके से चार युवाओं ने जिनमें दो बेटी है एचसीएस की परीक्षा पास की है। खटकड़ गांव के अभिषेक खटकड़ तो हरियाणा में पहले स्थान पर रहा है। ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। आज बेटी भी निरंतर बेटों से आगे निकल रही है। अभिभावकों को चाहिए कि वो बेटियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें।

---

### चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में डेटा साइंस में पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइसं विभाग में डेटा साइंस में पीजी डिप्लोमा कोर्स में दाखिला शुरू हो गया है। यह डिप्लोमा प्रोग्राम विद्यार्थियों को नौकरी प्राप्त करने के लिए अवसर उपलब्ध करवाता है। कंप्यूटर साइंस संबंधी नौकरियों की योग्यताओं को पूरी करने में यह डिप्लोमा बहुत महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि आज कंप्यूटर के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंगए डाटा एनालिसिस समेत कुछ ऐसे फील्ड हैं, जिनमें इंडस्ट्रीज एवं शिक्षण संस्थानों में प्रतिदिन नए रिसर्च और एप्लीकेशन प्रोग्राम पर अनुप्रयोग हो रहा है। हर व्यक्ति डेटा को किसी न किसी रूप में प्रयोग कर रहा है। डेटा साइंस के प्रोग्राम में डेटा को उचित तरीके से इस्तेमाल करना व प्रयोग करना सिखाया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

---

### नागरिक अस्पताल में पीएमओ ने जारी किए आदेश

# अब महिलाओं की ईसीजी के समय महिला कर्मचारी जरूरी

- आदेशों की पालना न करने पर महिला निजता की अनदेखी करने वालों होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** नागरिक अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड। *फोटो : हरिभूमि*

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में अब महिलाओं की ईसीजी के समय महिला कर्मचारी का होना जरूरी होगा। अगर महिला कर्मचारी नही होती है तो पुरूष कर्मचारी उसे बुलाएगा और फिर महिला की ईसीजी करेगा। इसे लेकर नागरिक अस्पताल में सर्कुलर जारी किया गया है। जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आदेशों की पालना न करने पर महिला की निजता अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मिल रही थी शिकायतें, पुरूष करते हैं महिलाओं की ईसीजी:** नागरिक अस्पताल में ईसीजी कक्ष में पुरूषों द्वारा महिलाओं की ईसीजी किए जाने की शिकायतें मिल रही थी। जिस पर महिलाओं ने ऐतराज जताया था और कहा था कि ईसीजी के दौरान महिला कर्मी का होना आवश्यक है। जैसे ही मामला अस्पताल प्रयशासन के संज्ञान में आया तो इस मुद्दे को अस्पताल प्रशासन ने गंभीरता से लिया। अब अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी द्वारा इस बारे में पत्र जारी किया गया है, जिसमें लिखा गया है कि अब भविष्य में जब कभी भी इमरजेंसी वार्ड में किसी भी महिला की ईसीजी की जाएगी उस समय महिला कर्मचारी या महिला अधिकारी का उपस्थित रहना जरूरी है। पत्र में कहा गया है कि आरएमओ और एसएनओ इन आदेशों की पालना करना सुनिश्चित करेंगे। नियमों की पालना न करने पर महिला निजता की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि यह मुद्दा भी महिलाओं की निजता से जुड़ा एक बड़ा मुद्दा था कि महिला मरीज की ईसीजी बिना महिला कर्मचारी या महिला डॉक्टर के ही कर दी जाती थी। अस्पताल प्रशासन ने उनकी इस मांग पर अमल किया जिसके चलते अब भविष्य में अब यह व्यवस्था रहेगी।

#### ईसीजी के समय महिला कर्मचारी के रहने को जरूरी किया गया : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि महिलाओं की इमरजेंसी वार्ड में ईसीजी के समय महिला कर्मचारी के रहने होने को जरूरी किया गया है। पीएमओ द्वारा इसे लेकर सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। आदेशों की हर हाल में पालना की जाएगी।